<u>सहायक भर्ती प्रक्रिया 2018</u>

<u>दस्तावेजों के सत्यापन और क्षेत्रीय भाषा परीक्षा के लिए</u>

<u>बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों के लिए निर्देश</u>

1. उम्मीदवारों को संलग्न “डाटा शीट” भरना होगा और उसे **दो फोटोग्राफों** के साथ **दो प्रतिलिपि** सहित क्षेत्रीय भाषा परीक्षा की तारीख को केंद्र/स्थल पर न्यु इंडिया एश्योरन्स के अधिकारियों के पास जमा करना होगा. संलग्न दस्तावेजों की स्वयं -सत्यापित मूल प्रतियों का विवरण निर्देश पत्र में उपलब्ध स्थान में वर्णित किया जाए.
2. शार्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को क्षेत्रीय भाषा परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी और अंतिम चयन क्षेत्रीय भाषा परीक्षा मे योग्यता व ऑनलाइन चरण II (मुख्य) परीक्षा में निष्पादन के आधार पर किया जाएगा.
3. कंपनी को जानकारी प्रस्तुत करने में कोई भी अनियमितता अभ्यार्थियों को अयोग्य घोषित करेगी जिसके लिए वह पूरी तरह जिम्मेदार होगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा.
4. डाटा शीट में पूरी जानकारी दी जाए. डाटा शीट में जानकारी प्रस्तुत करते समय डॉट्स, डैश या कोई अस्पष्ट भाषा/वाक्यांश का उपयोग नहीं किया जाए. यदि डाटा शीट में उपलब्ध स्थान अपर्याप्त पाया जाता है तो उम्मीदवार अधिक जानकारी को पृष्ठ के दूसरी ओर या इस प्रयोजन के लिए एक अलग शीट का उपयोग कर सकते हैं.
5. यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी से संबंधित है, तो उन्हें निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित किया गया. जाति/समुदाय प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

   ओबीसी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को 31.03.2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आय पर आधारित <u>गैर क्रीमी लेयर</u> प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा. गैर क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र के अतिरिक्त ओबीसी उम्मीदवारों को डाटा शीट के साथ एक घोषणा प्रस्तुत करनी होगी. हालांकि हमारे विज्ञापन दिनांक 13.07.2018 को सभी प्रमाण पत्रों के प्रारूप के लिए प्रयोग किया जा सकता है.

6. क्षेत्रीय भाषा परीक्षा के समय उम्मीदवार अपने साथ निम्नलिखित मूल प्रमाणपत्रों एवं प्रत्येक दस्तावेज की 2 <u>स्व प्रमाणित प्रतियां</u> अवश्य लेकर आएं. इन स्वयं प्रमाणित प्रतियों को इस सूचना पत्र के साथ जांच हेतु संलग्न करना होगा.

क. सक्षम नगरपालिका प्राधिकारियों द्वारा जारी जन्म-प्रमाणपत्र अथवा एस एस एल सी /एस एस सी या दसवीं कक्षा का जन्मतिथि के साथ प्रमाणपत्र. यदि उम्मीदवार द्वारा दर्शायी गयी जन्मतिथि प्रस्तुत प्रमाणपत्र के साथ नहीं मिलती है तो उसकी उम्मीदवारी तत्काल प्रभाव से रद्द एवं समाप्त हो जाएगी

ख. बारहवी कक्षा का प्रमाणपत्र.

ग. स्नातक/समकक्ष **(विश्वविद्यालय द्वारा 31-07-2018 को या उससे पूर्व परिणाम घोषित किए हो)**

घ. स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र, यदि किया हो.

ड. अंक सूची, आदि

च. व्यावसायिक अर्हता प्रमाणपत्र (अन्य अर्हता) यदि कोई हो.

छ. जाति प्रमाणपत्र

ज. **अपने वर्तमान नियोक्ता से “अनापत्ति प्रमाण पत्र”, अगर कहीं नियुक्त हो तो.**

झ. **फोटो सहित पहचान- पत्र**

क्षेत्रीय भाषा परीक्षा के समय यदि अ.जा/अ.ज.जा/अन्य पिछडा वर्ग के उम्मीदवार द्वारा जाति प्रमाणपत्र की मूल प्रति प्रस्तुत न की गई हो तो कंपनी/चयन समिति को यह अधिकार होगा कि वे उसकी उम्मीदवारी पर विचार न करे. यदि उम्मीदवार ने मूल जाति प्रमाणपत्र व/या सत्यप्रति प्रस्तुत न की हो तो उसकी उम्मीदवारी की अस्वीकृति के लिए वह स्वयं पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा.

7. **इस भर्ती के लिए उम्मीदवार की पात्रता का पता लगाने के लिए मूल दस्तावेज आवश्यक हैं.**

8. अ.जा./अ.जा.जा./पी.डब्लू.डी से संबंधित बाहर के उम्मीदवारों जिन्हें क्षेत्रीय भाषा परीक्षा के लिए बुलाया गया है को पत्राचार के लिए दर्शाए गए पते या कार्य/ठहरने के स्थान जहां से उम्मीदवार द्वारा इस उद्देश्य के लिए वास्तविक यात्रा की जा रही है के लिए द्वितीय श्रेणी से की गई रेल यात्रा के उपगत वास्तविक खर्च को की गई रेल यात्रा के पर्याप्त दस्तावेज प्रस्तुत करने या बस द्वारा की गई संभव छोटे मार्ग की यात्रा के आने-जाने के वास्तविक खर्च की प्रतिपूर्ति की जाएगी. यात्रा के प्रमाण को प्रस्तुत न करने पर कोई भी प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी.

9. पते में परिवर्तन के कारण क्षेत्रीय भाषा परीक्षा के लिए स्थान परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी. यदि कोई उम्मीदवार आवेदन में उल्लिखित स्थान के बदले दूसरे स्थान से यात्रा करता है तो ऐसे उम्मीदवार रेल किराये के लिए किसी भी प्रतिपूर्ति के लिए हकदार नहीं रहेंगे एवं कंपनी के पास यह अधिकार रहेगा कि वह तय करें कि उम्मीदवार को किस परिस्थिति में इस प्रकार यात्रा करनी पड़ी है.

10. यदि कोई उम्मीदवार अभी भी पूर्ण या अंशकालिक अध्ययन कर रहा है तो इस उद्देश्य के लिए प्रदान की गई जगह में उसे डाटा शीट में इस जानकारी को स्पष्ट रूप से उल्लेख करे.

11. **कृपया ध्यान दें कि क्षेत्रीय भाषा परीक्षा के समय दस्तावेजों की मूल प्रतियाँ इस निर्देश पत्र के साथ संलग्न न करें।** दस्तावेजों की केवल स्वयं सत्यापित प्रतियां ही इस निर्देश पत्र के साथ संलग्न की जाए तथा इन दस्तावेजों की विस्तृत जानकारी नीचे दी गयी जगह पर देनी होगी।

मैंने सभी निर्देश पढे हैं और ध्यान से उस का पालन किया है. वांछित के रूप में, मै सत्यापन उदेश्यों के लिए प्रमाणपत्र/अंक सूची और प्रशस्तियों की निम्नलिखित प्रमाणित प्रतियां संलग्न कर रहा हूं :-	
अनुक्रमांक	**उम्मीदवार का नाम :**
क्रम संख्या	**दस्तावेजों का विवरण**

संलग्न दस्तावेजों की कुल संख्या (अंकों और शब्दों में) ....

उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि वे क्षेत्रीय भाषा परीक्षा में उपस्थित होने से पहले संतुष्ट हो लें कि वे आयु, शैक्षणिक योग्यता इत्यादि संबंधित जो भी आवश्यकताएं है उन्हें पूरा करते है और यदि वे अयोग्य पाए जाते हैं तो भर्ती के किसी भी स्तर पर उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है. क्षेत्रीय भाषा परीक्षा में उपस्थित होने का अर्थ उक्त पद हेतु चयन किए जाने की स्वत: पुष्टि नहीं करता है.

स्थान :

तारीख :

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

नोट करे: कृपया प्रारूप या इस निर्देश पत्र के किसी भी भाग में बदलाव न करें.